SHRI SANDESH

SHRIRAM Transport Finance Company Limited
A WINNING RELATIONSHIP

खंड 20 | मई 2021

एम. डी. की बात



प्यारे दोस्तों,

इस वक्त कोविड-19 महामारी का दूसरा वेव हमारे देश को झकझोर रहा है। मगर कोविड के नए मामलों में कमी और ज़्यादा-से-ज़्यादा लोगों को ठीक होता देखकर उम्मीद की किरण नज़र आ रही है। मुझे यकीन है कि हम साथ मिलकर इस महामारी पर विजय प्राप्त कर सकते हैं। आप सभी से मेरा निवेदन है कि स्थानीय अधिकारियों द्वारा दिए गए निर्देशों को मानें। साथ ही, मैं आपसे यह भी गुज़ारिश करना चाहता हूँ कि अपनी बारी आने पर कृपया टीका ज़रूर लगवाएँ, क्योंकि ऐसा करके ही हम इस वायरस को फैलने से रोक सकेंगे।

मुसीबत की इस घड़ी में, हमारे ट्रक ड्रायवर भाई-बधूँ देश की अर्थ-व्यवस्था को सुचारू रखने में कड़ी मेहनत कर रहे हैं। आप ना सिर्फ जीवन-आवश्यक वस्तुओं की सप्लाई को निरंतर बनाए रखे हुए हैं, बल्कि आप पूरे भारत में अविरत रूप से ऑक्सिजन, टीका और मेडिकल सप्लाई को पहुँचाकर लाखों लोगों की जान भी बचा रहे हैं।

अपने देश और देशवासियों के प्रति आपकी कर्तव्य-निष्ठा और समर्पण को हमारा सलाम है। हम नए-नए तरीके ढूँढ़ने में लगे हैं ताकि आप यह महाकाय काम आसानी से कर पाएँ। इसके लिए हम कुछ नवीनतम प्रोडक्ट्स आप तक लेकर आए हैं ताकि आपका जीवन हम और भी अधिक सुरक्षित और सुखमय बना सकें।

हमारे 'फ्यूएल फायनैंस' सुविधा से आप बड़ी आसानी से बगैर नकद दिए पेट्रोल या डीज़ल भरा सकते हैं। इस तरह आपको नकद ले जाने की ज़रूरत नहीं होगी, साथ ही आप सुरक्षित भी रहेंगे। आप तक यह सुविधा पहुँचाने के लिए हमने BPCL, IOCL और HPCL के साथ साझेदारी की है। इसमें आपको BPCL के चुनिंदा केंद्रों पर बकाया पैसे जमा करने की भी सुविधा उपलब्ध है। इससे आप पेमेंट प्राप्त होने पर बचे हुए पैसे भी जमा करा सकते हैं। नियमित तौर पर भुगतान करने से आपको कम ब्याज देना होगा, क्योंकि हम सिर्फ उतने ही दिनों के लिए ब्याज लगाते हैं जितने दिनों के लिए आपने उधार लिए हुए पैसे इस्तेमाल किए हैं। इस तरह आप सभी पंपों पर लगातार पेट्रोल-डीज़ल भी भरा पाएँगे।

इतना ही नहीं, इस सुविधा का ज़्यादा-से-ज़्यादा इस्तेमाल करने पर आप रिवॉर्ड पॉईंट्स के साथ-साथ बीमा भी प्राप्त करेंगे। मेरा आप सभी से अनूरोध है कि इस सुविधा का लाभ उठाने के लिए आप अपने रिलेशनशिप एक्ज़ेक्यूटिव से बात करें या हमारे नज़दीकी केंद्र में भेंट करें।

मैं आपको यकीन दिलाना चाहता हूँ कि इस महामारी में हमारे देश की गति जो धिमी पड़ गई है, उसे दोबारा तेज़ करके देश को फिर से प्रगति के पथ पर लाने में श्रीराम सदैव आपके साथ रहेगा।

इस वायरस के खिलाफ छिड़ी जंग में हम ज़रूर विजय हासिल करेंगे।

जय हिंद।

उद्योग समाचार और अपडेट

लॉजिस्टिक कंपनियों की नज़र अब इलेक्ट्रिक वाहनों पर

पर्यावरण पर यातायात से होनेवाले प्रदूषण को कम करने के लिए दुनिया भर में किए जानेवाले प्रयासों में हिस्सा लेने के लिए लॉजिस्टिक कंपनियों का ध्यान बिजली पर चलनेवाली गाड़ियों पर ज़्यादा जा रहा है।

अधिक जानकारी के लिए, देखें।

सरकार ने गाड़ी मालिकों को अपना नॉमिनी चुनने की अनुमति दी, गाड़ी ट्रांसफर करना होगा आसान

अब गाड़ी मालिक गाड़ी के रजिस्ट्रेशन के वक्त ही अपना नॉमिनी चुन सकते हैं या बाद में नॉमिनी को अपडेट करा सकते हैं। इससे गाड़ी के मालिक की मौत के बाद उसे दूसरे व्यक्ति के नाम पर ट्रांसफर करने में होनेवाले झंजट से आज़ादी मिलेगी।

अधिक जानकारी के लिए, देखें।

2021 मारुती सुज़ूकी 'सुपर कैरी' रिवर्स पार्किंग सिस्टम (RPAS) के साथ लाँच, किमत रु. 4.48 लाख से शुरू

मारुती सुज़ूकी ने 'सुपर कैरी' नाम की अपनी लाईट कमर्शियल वेहिकल (LCV) लाँच किया है, जो 'रिवर्स पार्किंग असिस्ट सिस्टम' (RPAS) से लैस है। बॉम्बे स्टॉक एक्सचेंज (BSE) में फाईल किए गए कागज़ात के मुताबिक यह सेफ्टि फीचर अब स्टैंटर्ड फिटमेंट के तौर पर मारुती सुज़ूकी 'सुपर कैरी' मिनी ट्रक के सभी मॉडलों में उपलब्ध होगा। कागज़ात से यह भी पता चला है कि मारुती सुज़ूकी इंडिया ने 'सुपर कैरी' की कीमत रु. 18,000 से बढ़ा दी है।

अधिक जानकारी के लिए, देखें।

भारत के ट्रैक्टर उद्योग में 20% का इज़ाफा, वित्तीय वर्ष 2021 में 9 लाख से ज़्यादा ट्रैक्टर बेचे गए

भारत के ट्रैक्टर उद्योग ने वित्तीय वर्ष 2020-21 में 20% का इज़ाफा दर्ज किया है। 'बिज़नेस लाईन' नाम की पत्रिका ने बताया कि पूरे भारत में एक साल में 9 लाख से ज़्यादा ट्रैक्टर बेचे गए और इससे सभी पूराने रिकॉर्ड टूट गए।

अधिक जानकारी के लिए, देखें।

अपोलो टायर्स ने कमर्शियल वेहिकल्स में स्टीयर ऐक्सल के लिए 'अभिमन्यू' नाम का क्रॉस-प्लाय रिब टायर लाँच किया

अपोलो टायर्स ने कमर्शियल वेहिकल्स के लिए 'अभिमन्यू' नाम का क्रॉस-प्लाय रिब टायर लाँच किया है। कंपनी इसे "क्रॉस-प्लाय टेक्नोलॉजी में सबसे आधुनिकतम प्रॉडक्ट" बता रही है। टायर निर्माता का कहना है कि भारत में हाल के महीनों में क्रॉस-प्लाय टायरों की बढ़ती माँग में कमर्शियल वेहिकल्स में स्टीयर ऐक्सल के लिए 'अपोलो अभिमन्यू' क्रॉस-प्लाय रिब टायर उन्हें काफी मुनाफा कमाने में मदद करेगा। साथ ही ड्राईव ऐक्सेल के मुकाबले स्टीयर ऐकक्सेल का 'रेडियलाईज़ेशन' भी काफी कम लेवल का होगा।

अधिक जानकारी के लिए, देखें।

नई स्कूल बसों और इंटर-सिटी बसों में फायर अलार्म और सप्रेशन सिस्टम का होना अनिवार्य, सरकार ने गाड़ियों के स्टैंडर्ड में बदलाव का प्रस्ताव रखा

अगले डेढ़ साल में, सभी नई स्कूल बसों और इंटर-सिटी बसों में फायर डिटेक्शन और अलार्म सिस्टम होना अनिवार्य होगा। साथ ही इसमें फायर सप्रेशन सिस्टम का होना भी ज़रूरी होगा ताकि गाड़ी में आग लगने पर यात्रियों को बस से बाहर निकलने के लिए पर्याप्त समय मिल पाए।

अधिक जानकारी के लिए, देखें।

From Loan details to FastTag recharge
Do it all with the MyShriram App

Know more about our products

Quick FASTag recharge

Locate and visit our nearest branch

Get latest news of STFC's offerings

Apply for Pre-Approved loan

Various Payment Options

www.stfc.in

GET IT ON Google Play

Scan QR code to download MyShriram App

Don't forget to subscribe to our YouTube channel - STFCconnect